RAF SECTOR
NEWS CLIP
13/07/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

United prayagraj, Prayagraj, (UP)

आरएएफ ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

सहसों कार्यालय

फाफामऊ : प्रयागराज। १०१ द्रुत कार्य बल द्वारा पर्यावरण सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत मंगलवार को शान्तिपुरम् फाफामऊ स्थित १०१ आर०ए०एफ० की टीम ने कमाण्डेन्ट मनोज कुमार के नेतृत्व में कैम्प परिसर के बाहर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर वाहिनी के समस्त अधिकारी व जवानों ने सड़क के दोनो तरफ तथा रोड डिवाइडर के बीच में जंगली छायादार पौधो सहित विभिन्न प्रकार के ३७० पौधो का रोपण किया। अभियान में मौजूद कमाण्डेन्ट मनोज कुमार ने उपस्थित सभी कर्मियों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे हमारी मदद करते है। ये हवा को शुद्ध करते है, पानी को संरक्षित करते हैं व जलवायु नियंत्रण करने में मदद करते है। अतः निस्वार्थ भाव से पर्यावरण की सुरक्षा करना हमारा कर्तब्य है। इस मौके पर उ०कमा० विनोद कुमार, उ०कमा० बृजेश कुमार दूबे, उ०कमा० मुकेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण व जवान उपस्थित रहे।

Mridul Patrika, Tamdiya, (RAJ)

रेपिड एक्शन फोर्स एवं सरपंच ने बच्चों के साथ किया वृक्षारोपण

तामडिया (मृदुल पत्रिका)। ग्राम पंचायत सालिगरामपुरा के सरकारी विद्यालय में रेपिड एक्शन फोर्स के कमान्डेंट प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में समवाय द्वारा गोद लिए गांव सालिगरामपुरा के सरकारी विद्यालय में वृक्षारोपण किया |उप कमान्डेंट हरिनारायण मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि डी/83 बटालियन की एक प्लाटून द्वारा सोमवार को अभियान के तहत गांव व विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया।

अभियान में बटालियन के सहायक कमान्डेंट रामजस यादव, शंकर लाल बैरवा सरपंच सालिगरामपुरा, ग्रामीण, विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों ने मिलकर छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाएं। रामजस यादव ने ग्रामीणों एवं बच्चों को वृक्षों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए सभी को बरसात के मोसम में अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने चाहिए। वृक्ष लगाने के साथ ही उनकी नियमित रूप से देखभाल व सुरक्षा का ध्यान रखना होगा। हरे पेडों को नहीं काटने का संदेश दिया। साथ ही रिश्तेदार एवं मित्रों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। इस अवसर पर बटालियन के अन्य अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बल के अन्य रैंक कार्मिकों ने भाग लिया।

Jagat Kranti, Jaipur, (RAJ)

विद्यालय में वृक्षा रोपण किया

जगतक्रान्ति

जयपुर। 83 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट श्री प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उप कमांडेंट उगमाराम, सहायक कमांडेंट भानु प्रसाद मीना, सहायक कमांडेंट धर्मेन्द्र सिंह मीना एवं सहायक कमांडेंट श्रवण लाल मीना के नेतृत्व में सी /83 बटालियन के जवानों ने सोमवार दिनांक 11/07/2022 को वृक्षा रोपण अभियान 2022 के तहत समवाय द्वारा गोद लिए गये जमवारामगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत साऊ की काकड़ की ढाणी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में वृक्षा रोपण किया गया। वृक्षा रोपण अभियान में ग्राम वासियों फूलचंद, रूपनारायण गिरिराज, रामजीलाल, जगदीश जगननाथ स्कूल के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर शिक्षक गल्लुराम एवं समस्त विद्यालय स्टाफ के साथ फलदार छायादार एवं औषधीय पौधे लगाये गये ᅲ सहायक कमांडेंट श्रवण लाल मीना ने बताया कि पेड़ो का हमारे जीवन में विशेष महत्व है पेड़ पौधों से हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन गैस मिलती है पेड़ पौधे मनुष्य को प्रकृति द्वारा प्रदत एक अनमोल उपहार है पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन रंगहीन एवं नीरस है पेड़ पौधे मनुष्य एवं प्रकृति के बीच संतुलन बनाये रखने का काम करते हैं पेड़ पौधे से हमें जीवनदायिनी औषधीया मिलती है एवं अनेको प्रकार फल फूल मिलते है एवं अकाल सूखा महामारी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से हमारी रक्षा करते है तथा जमीन के कटाव को रोकने में मददगार होते हैं सहायक कमांडेट श्रवण लाल मीना ने लोगो से अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधे लगाने की अपील की वृक्षा रोपण अभियान में निरीक्षक के आर मेघवाल के अलावा बल के अन्य रैंक अधिकारी गण एवं जवान मौजूद रहे।

Patrika, Kanota, (RAJ)

दो दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित, विजेताओं को किया पुरस्कृत

नायला सीआरपीएफ कैम्पस में उपस्थित खिलाड़ी व अतिथि।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

कानोता. 246 बटालियन केरिपुबल नायला कैम्पस में दो दिवसीय अन्तर वाहिनी टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। जिसमे 83वीं वाहिनी, 246वीं वाहिनी, ग्रुप केन्द्र-01 अजमेर एवं ग्रुप केन्द्र-02 अजमेर केरिपुबल के खिलाडियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के एकल (पुरुष) में 246 बटालियन प्रथम एवं 83वीं वाहिनी द्वितीय स्थान पर रहे तथा डबल (पुरुष) में 83 बटालियन प्रथम एवं 246वीं वाहिनी द्वितीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर.सी. मीणा पुउमनि, राजस्थान सैक्टर, एम.एस. शेखावत कमाण्डेंट राज. सैक्टर मुख्यालय, रतिकांत बेहेरा कमाण्डेंट- 246 बटालियन, प्रवीण कुमार सिंह कमाण्डेंट 83वीं बटालियन, रामचन्द्र द्वितिय कमान अधिकारी, सुनिल सिंह सहायक कमाण्डेंट, दुष्यंत मिहिर जैसर चिकित्सा अधिकारी 246 बटालियन एवं 246 बटालियन के अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर आर.सी मीणा ने सभी खिलाडियों का उनके खेल के प्रति उत्साह एवं समर्पण को सराहा एवं उनका उत्साहवर्धन किया तथा विजेताओं को पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की गई। सुनिल सिंह सहायक कमाण्डेंट ने मंच का संचालन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

TREE PLANTATION DRIVE BY 101BN RAF, PRAYAGRAJ, (UP)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।